हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 19. 0 डिग्री

जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण 4



## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 10 को

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक सोमवार 10 नवम्बर को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में खरीफ सिंचाई की समीक्षा एवं आगामी रबी सिंचाई कार्यक्रम 2025 तथा खाद बीज की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी। सचिव जिला जल उपयोगिता समिति एवं कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर ने जिले के कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि बैठक में भाग लेकर अपना सुझाव रखकर कार्यक्रम निर्धारण में सहयोग प्रदान करें।

### वल्लभ भाई पटेल जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में युवाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से प्रारंभ किए गए 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में 7 नवम्बर शुक्रवार प्रातः 8 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा नपं राहौद से प्रारंभ होकर नगर पंचायत खरौद होते हुए नगर पंचायत शिवरीनारायण तक निकाली जाएगी।

### डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी का संचालन किये जाने के लिए प्रस्ताव

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा वृद्धजनो के देख-भाल, संरक्षण, मनोरंजन एकाकी जीवन से बचाव और सुरक्षा के उद्देश्य से जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी स्थापना की घोषणा की गई है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी स्थापना एवं संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया जिले में डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी का संचालन किया जाना है। सियान गुड़ी का संचालन विभागीय, गैर मान्यता प्राप्त एन.जी.ओ, ट्रस्ट,सी.एस.आर. ईकाईयों, ग्रामीण नगरीय निकाय, चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थान द्वारा किया जायेगा। जिनका कम से कम 3 वर्ष का समाज सेवा, स्वास्थ्य, वरिष्ठजन कार्य करने का अनुभव हो। डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी का संचालन किये जाने हेतु इच्छुक विभागीय, गैर मान्यता प्राप्त एन.जी.ओ, ट्रस्ट, सी.एस.आर. इकाइयों, ग्रामीण नगरीय निकाय, चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थान कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जांजगीर से दिशा निर्देश प्राप्त कर दोपहर 3 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

### लायंस स्कूल में निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क कैंप 16 को

**चांपा।** अपेक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवम् आईवीएफ सेंटर रायगढ़ एवं लायंस क्लब, चांपा के संयुक्त तत्वाधान द्वारा आयोजित, निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क जांच एवं परामर्श ओपीडी का आयोजन रविवार 16 नवंबर को लायंस इंग्लिश हॉयर सेकेंडरी स्कूल, बी डी एम शासकीय चिकित्सालय के पास लायंस चौक, चांपा मे किया जा रहा है। जिसमे इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉ रश्मि गोयल,निःशुल्क जांच एवं परमर्श हेतु उपलब्ध रहेंगी। शिविर का उद्देश्य समाज की सोच में बदलाव लाना भी है क्योंकि अभी भी कई परिवार इस समस्या को एक अभिशाप मानते है और औरत को हो दोषी मानते है। डॉ रश्मि ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगो में निःसंतानता के लिये जागरूकता लाना है। इस समस्या का इलाज करा सकते है।

---

पेट्रोल पंप में काम करते रुपए किए गबन, तीनों आरोपी गिरफ्तार

# पिता पुत्रों की तिकड़ी ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष को लगाया 65 लाख का चूना

**गबन की राशि से पटाया ट्रैक्टर का लोन व बाकी को उड़ा दिया जुए में**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं कारोबारी गगन जयपुरिया को उनके ही पेट्रोल पंप में काम करने वाले पिता पुत्रों की तिकड़ी ने 65 लाख का चूना लगा दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गगन जयपुरिया ने बम्हनीडीह थाना में गबन की एक रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 26 जनवरी 2025 से 23 सितंबर 2025 के मध्य उसके सारागांव रोड में संचालित प्योर पेट्रोलियम पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी आरोपी नीरज कुमार साहू द्वारा षडयंत्रपूर्वक 65 लाख रुपए गबन कर लिया गया है। गबन करने में उसके पिता लोचन प्रसाद और भाई धीरज कुमार पर भी सहयोग करने के आरोपी लगाए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में गबन करने वाले अरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए अलग अलग जगहों पर टीम रवाना हुई। इसी कड़ी में चांपा एसडीओपी यदुमनी सिदार के नेतृत्व में तत्काल आरोपीयो की पता पतलाश में जुट गये। मुख्य आरोपी नीरज कुमार साहू फरार था, जिसे सायबर तकनीकी के माध्यम से रायपुर से तरफ पकड़ा। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ कर आरोपी का कथन लिया गया। उसने बताया कि उक्त पेट्रोल पम्प में 2022 से काम करते आ रहा था। पूरा डीजल पेट्रोल की बिक्री का लेन देन एवं बैक का पूरा काम करता था मालिक पेट्रोल पम्प नही आता था और हिसाब किताब नही करता था, उसी का फायदा उठाकर कुल 65 लाख रूपये को षड़यंत्रपूर्वक गबन किया है और लगभग सभी पैसे को निकालकर जुआ सट्टा में हार गया व कुछ रकम अपने पिता लोचन प्रसाद साहू और भाई धीरज साहू को ट्रेक्टर का किस्त पटाने के लिए दिया है और दोनो का पेट्रोल पम्प के गबन के बारे में भी बताया है। आरोपी नीरज पकडे जाने के डर से भाग गया और नकद रखे 50 हजार रूपये खर्च कर दिये। 50 हजार रूपये बचा है। बाद में आरोपी नीरज कुमार साहू के पेश करने पर नकदी रकम 50 हजार रूपये एवं बाइक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी लोचन प्रसाद साहू और भाई धीरज साहू को तलाश कर पकड़ा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

---

# बंद पड़ी पत्थर खदानों में बिना एनओसी के डंप कर रहे मिट्‌टी

## मौके पर पहुंची पालिका की टीम, ट्रैक्टर चालक नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा नगर के बंद पड़े पत्थर खदानों में नगर पालिका की एनओसी के बगैर मिट्‌टी डंप करने की सूचना मिलने पर पालिका की टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। इस बीच मिट्‌टी डंप करने के कार्य में लगे ट्रैक्टर चालक मौके से नदारद रहे।

ज्ञात हो कि नगर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित बंद पड़े पत्थर खदानों में 2 वर्ष पूर्व केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड से निकलने वाले फ्लाई ऐश को डिस्पोज करने का काम रिफेक्स नामक कंपनी को मिला था तब रीफैक्स कंपनी के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 स्थित बंद पड़े पत्थर खदानों में नगर पालिका के अनुमति लिए बगैर फ्लाई ऐश डंप कर दिया गया था। तत्कालीन पार्षदों को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत एसडीएम एवं कलेक्टर से की थी तब प्रशासन के आदेश पर इन खदानों में फ्लाई ऐश डंप करना बंद किया गया एवं डंप किए गए अधिकांश फ्लाई ऐश को वापस भी निकाल लिया गया था। विगत दो दिनों से अब फिर से उन स्थानों पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मिट्टी डंप किया जा रहा है था, इसकी सूचना वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद कमलेश्वर दास वैष्णव को मिलने पर उन्होंने मौके का निरीक्षण किया एवं मिट्टी डंप कर रहे ट्रैक्टर चालकों से पूछने पर वे बिना कोई जानकारी दिए मौके से भाग गए। कमलेश्वर बात दास वैष्णव के द्वारा इसकी सूचना मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह को दिए जाने पर उन्होंने घटना की जानकारी लेने के लिए नगर पालिका के कर्मचारियों को भेजा लेकिन मौके से सभी ट्रैक्टर चालक नदारत थे। बताया जा रहा है कि फ्लाई ऐश डंप करने के बाद उसे स्थान को मिट्टी से ढकने का नियम है। वर्तमान में जेएसडब्ल्यू पावर प्लांट के द्वारा फ्लाई ऐश डिस्पोजल का टेंडर रिफेक्स कंपनी को बंद कर दिया गया है इसी बात का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 2 वर्ष पूर्व जहां पर फ्लाई ऐश डंप किया गया था उसके ऊपर मिटटी डलवा कर फर्जी बिलिंग के माध्यम से रकम उगाही का खेल चालू किया गया था लेकिन पार्षद एवं नगर पालिका की सक्रियता के चलते यह खेल चालू होने के पहले ही बंद हो गया। बताया जा रहा है कि मिट्टी डंप कर रहे ट्रैक्टर चालकों से पूछने पर वे बिना कोई जानकारी दिए ही मौके से भाग निकले।


पत्थर खदान में डंप मिट्‌टी।

**मिली थी सूचना**

वार्ड क्रमांक 18 19 में स्थित बंद पड़े पत्थर खदानों में नगर पालिका की एनओसी के बिना मिट्टी डंप करने की जानकारी मिली थी। इसकी जानकारी के लिए मौके पर कर्मचारियों को भेजा गया लेकिन वहां पर कोई नहीं मिला।


- संजय सिंह-
सीएमओ, नपं अकलतरा

---

# शिक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने विधायक कश्यप ने उच्च शिक्षा मंत्री से की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में उच्च शिक्षा को मजबूत बनाने के साथ साथ टीसीएल कॉलेज को अटल बिहारी बाजपेयी विवि बिलासपुर से सम्बद्ध करने की मांग को लेकर विधायक कश्यप ने उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। साथ ही अपने मांगों से अवगत कराया।



जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के समापन के अवसर पर जांजगीर पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने ज्ञापन सौंपा। अपने पत्र के द्वारा उन्होंने जांजगीर नगर के ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय में अहाता निर्माण कराने, महाविद्यालय में शोध कार्य (पी.एच.डी.) प्रारंभ कराने, तथा इस महाविद्यालय की संबद्धता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से करने हेतु अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कार्यालयीन स्टॉफ के द्वारा लगातार इस बाबत मांग की जा रही है। पूर्व में ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय की संबद्धता बिलासपुर विश्वविद्यालय से थी जो कि वर्तमान में गुरू घासीदास केन्द्रिय विश्वविद्यालय बन चुकी है तथा वर्तमान में इस महाविद्यालय को शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध कर दिया है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ के द्वारा महाविद्यालय को रायगढ़ के बजाय बिलासपुर विश्वविद्यालय से संबंद्ध करने की मांग की जा रही है। ब्यास कश्यप ने अपने पत्र में चांपा नगर में नवीन कन्या महाविद्यालय प्रारंभ करने, ग्राम बोड़सरा में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने, जिला में नवीन बी.एड. कॉलेज प्रारंभ करने, शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में अहाता निर्माण कराने, नगर पंचायत नवागढ़ में पूर्णकालिक एस.डी.एम. कार्यालय प्रारंभ करने हेतु भी अनुरोध किया है। उपरोक्त मांगें पूर्ण हो जाने पर जिले की उच्च शिक्षा की व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा जिले के छात्र-छात्राओं को भी सुविधा होगी। मंत्री टंकराम वर्मा ने पत्र में लिखी सभी मांगों को ध्यानपूर्वक पढ़ा तथा शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

---

### कार्यकर्ता सहायिका की भर्ती का पता नहीं, परियोजना अधिकारी पर उठे सवाल

**मालखरौदा।** विज्ञापन के 90 दिन बाद भी नहीं हो पाया कार्यकर्ता सहायिका की भरती परियोजना अधिकारी पर उठे मालखरौदा/ राखी रात्रे पिता प्रीतम रात्रे साकिन नगर पंचायत अड़भार वार्ड नंबर 07 की मूल निवासी है ने 11.07. 2025 को कार्यालय महिला एवं बाल विकास एकीकृत मालखरौदा परियोजना कार्यालय के द्वारा नगर पंचायत अड़भार के वार्ड नंबर 02,04,05 एवं 14 में आंगनबाड़ी सहायिका तथा वार्ड नंबर 07 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदो के लिए कुल 06 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। राखी रात्रे द्वारा उक्त पद के लिए मालखरौदा परियोजना कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका भर्ती नियम के अनुसार विज्ञापन जारी होने से लेकर 90 दिवस के अंतर्गत में भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का प्रावधान है। जबकी 90 दिवस पूर्ण होने के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरा नहीं हो पाया ऐसे में आवेदक ने नियम के अनुसार भर्ती प्रक्रिया निरस्त की जाने की मांग किया है साथ उन्होंने आरोप लगाया है कि परियोजना के द्वारा गलत तरीके से चोरी छुपे (पैसे लेकर) भर्ती कराने की कोशिश की जा रही है। जो कि भर्ती नियम के विरूद्ध है।भर्ती को निरस्त करने की मांग कलेक्टर से किया है ।

---

# सामान्य सभा की बैठक से नदारद अफसरों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने नोटिस जारी करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**

- गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था की जिला पंचायत सदस्यों द्वारा की जाएगी जांच

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई थी। इस बीच बैठक से नदारद अफसरों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था की जिला पंचायत सदस्यों द्वारा जांच की जाएगी। इस पर भी सामान्य सभा की बैठक के दौरान चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि गुरूवार 6 नवंबर को सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी ने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यो को गंभीरता से करें और निर्धारित समय सीमा पूरा करें। इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष ने सामान्य सभा की बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस करने के निर्देश दिए। साथ ही यह तय हुआ कि गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था की जिला पंचायत सदस्यों द्वारा जांच की जाएगी। बैठक में पूर्व बैठक में पारित प्रस्तावों के पालन प्रतिवेदन चर्चा की गई। बैठक में आदिम जाति विभाग के छात्रावासों की जानकारी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों की स्थिति, एवं फ्लाई ऐश व स्लैगचुरी के उपयोग संबंधी पर्यावरण अनुमति प्रक्रिया की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्थायी समिति की बैठकें समिति सभापति से समन्वय बनाकर नियमित रूप से आयोजित की जाएं, ताकि योजनाओं की समीक्षा और समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। बैठक में जिले में संचालित उद्योगों की जानकारी एवं उनके जलकर की बकाया राशि की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सदस्यों ने बताया कि जिले के कई गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब भी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रत्येक घर तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए और विभागीय अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पानी की आपूर्ति हो रही है, उनकी स्थिति की जांच जिला पंचायत सदस्यों द्वारा की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जल जीवन मिशन का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच रहा है या नहीं। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि यदि किसी गांव में पाइपलाइन या सप्लाई व्यवस्था में गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण लेकर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों से कहा गया कि फ्लाई ऐश व स्लैगचुरी के उपयोग हेतु जारी किए जाने वाले अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्रों की पूरी प्रक्रिया, मानदंड और दस्तावेज़ों की सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाए। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक गुरूवार 6 नवंबर को जिला पंचायत के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, प्रियंका सिंह क्षत्री, सुश्री आशा साव, राजकुमार साहू, प्रमिला साहू, बबीता रात्रे, महादेव नेताम, प्रीति दिब्य, नेहा साहू, संतोषी सिंह रात्रे, उमा राठौर, शशिकला सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक अभिमन्यु साहू एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में शामिल अध्यक्ष एवं अन्य।

---

**स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की रखी मांग**

# क्षेत्र विकास की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे नरियरा के जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पंचायत नरियरा के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इस बीच रोजगार देने में क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग रखी। इस मामले को लेकर प्लांट प्रबंधक एवं अकलतरा एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत नरियरा के जनप्रतिनिधियों ने नरियरा विकास मंच के बैनर तले गुरूवार 6 नवंबर को क्षेत्र की जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए जेएसडब्लयूपावर प्लांट प्रबंधन, अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता व पारदर्शिता के साथ रोजगार में भर्ती, नगर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, आईटीआई कॉलेज की स्थापना, तथा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल निर्माण जैसी प्रमुख जनहितकारी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र दुबे ने कहा कि नरियरा नगर पंचायत वर्ष 2007-08 में स्थापित पावर प्लांट के कारण औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ, किंतु अब तक यहां की जनता को रोजगार और सामाजिक विकास के वादों की पूर्ति का इंतज़ार है किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जाता। जबकि जेएसडब्ल्यू जैसी बड़ी कंपनी का दायित्व है कि वह कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्थानीय जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के ठोस प्रयास करे। इस अवसर पर सभापति भवानी सिंह ने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता अब किसी आश्वासन पर नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यवाही की अपेक्षा रखती है। क्षेत्रवासी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल, आईटीआई कॉलेज, एक सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल बनवाए ताकि कंपनी का प्रतिष्ठा अनुरूप मान बना रहे और क्षेत्र में भी खुशहाली व विकास आए। वहीं युवा पार्षद सुशांत बंजारे व पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र पाटले ने कहा है कि पूर्व में केएसके पॉवर प्लांट के द्वारा किसी तरह का विकास कार्य नहीं कराया गया। पार्षद शशि दास मंहत व प्रतिनिधि हरप्रसाद यादव ने यह बताया कि यह ज्ञापन केवल मांग-पत्र नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और विश्वास की पुकार है।



मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे जनप्रतिनिधि।

---

# खंडहर में तब्दील हुआ बहेराडीह का मॉडल गौठान, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बलौदा ब्लॉक के जाटा पंचायत के आश्रित गाँव बहेराडीह का लाखों की लागत से निर्मित मॉडल गौठान देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गईं है। वहीं बदहाली पर अपनी आंसू बहा रहीं मॉडल गौठान की शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियो की नजर लग गईं है और शासकीय सम्पत्ति की चोरी होने लगी है।

जिले में साधारण गौठान समेत मॉडल गौठान और रीपा गौठान देखरेख के आभाव में खंडहर हो गईं है। वैसे जिले की गौठान की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। गौठान में लगाई गई लाखों रूपये की सम्पत्ति अब पूरी तरह से कबाड़ हो गईं है और पंचायत मुख्यालय जाटा का निर्माणाधीन गौठान की हालत तो बद से बदतर हो गईं है। फिर भी दोषियों पर न विभागीय कार्यवाही हुई और न ही पुलिस में एफआईआर दर्ज किया गया। मॉडल गौठान की शासकीय सम्पत्ति की दिन दहाड़े चोरी करने वाले गाँव के ही एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा और बाकायदा वीडियो बनाकर चाम्पा थाना में लिखित रूप में शिकायत किया गया। मगर मामले की जांच नहीं हुई।



## खबर संक्षेप

### प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के स्टॉल को मिली सराहना




**अकलतरा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सरकारी उपक्रमों की प्रदर्शनी लगाई गई है। राज्योत्सव की सबसे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का स्टाल जिसको सीएसपीडीसीएल चांपा डिविजन के अधिकारी कार्यपालन अभियंता अजय भारद्वाज सहायक अभियंता कमलेश डाहरे एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा लगाया गया था। स्टाल में प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा शारदा कंस्ट्रक्शन के राजा सिंह ( पीएम सूर्य घर योजना के अधिकृत वेंडर) द्वारा एक किलोवाट के ऑनग्रीड सोलर सिस्टम का लाइव डेमो इंस्टॉलेशन ,जिसको देखकर विद्युत उपभोक्ताओं में सोलर ऊर्जा के प्रति आकर्षण दिखा। लाइव डेमो के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बनने की प्रक्रिया को समझा। विभाग के अधिकारियों ने आम नागरिकों को सोलर ऊर्जा के लाभ के बारे में विस्तार से समझाया जिसमें शारदा कंस्ट्रक्शन सहित अन्य अधिकृत वेंडरों ने इसमें अपनी सहभागिता निभाया ।

### मछुआरा समाज का अभिनंदन स्वागत व सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** जाजल्वदेव की नगरी जांजगीर में 7 नवंबर को दोपहर 12 बजे दोपहर से छत्तीसगढ़ के 33 जिलों को मात्र 100 दिनों में दौरा कर छग शासन के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं मछुआरा समाज के विकास की समीक्षा बैठक करने वाले मछुआरा समाज के नवरत्न मछुवा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरतलाल मटियारा एवं उपाध्यक्ष लखनलाल धीवर को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर गायत्री गायग्वाल अध्यक्ष राष्ट्रीय मछुवारा समाज एनएएफ को मछुवारा जागरूकता सम्मेलन रायपुर के सफलतापूर्वक नेतृत्व व अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष मछुआरा समाज के हित में हक और अधिकार की मांग रखने के लिए, कहरा समाज के पूर्व अध्यक्ष देवव्रत आदित्य को छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने परमछुआरा समाज जांजगीर द्वारा अभिनंदन, स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में मछुआरा समाज के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, माताओं व बहनों एवं समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील नवीन धीवर संयोजक मछुआरा समाज ने किया है।

### पिरदा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत पिरदा के बजरंग चौक में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार 7 नवंबर से होगा। पहले दिन कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। रोजाना दोपहर 2:30 बजे पंडित बलराम पांडे सिरली वाले द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। यह कथा हरि कीर्तन मंडली एवं गांव ग्राम वासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने ग्रामवासियों सहित आसपास के लोगों से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में शामिल होने अपील की है।

## निधन

### भागवत कश्यप



**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के लीला मंडली चौक के प्रतिष्ठित नागरिक भागवत कश्यप का बुधवार 5 नवंबर को रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 52 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र हर्ष कुमार कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर ढोल नगाड़े के साथ कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# प्रदेश का पिछड़ा वर्ग समाज एकात्म मानववाद विचारधारा वाली पार्टी भाजपा के साथ : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू का पदभार ग्रहण करने के बाद जांजगीर में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा व सभी कार्यकर्ताओ ने उनका भव्य स्वागत किया।

आयोजित बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू रहे। उनके साथ मंचासीन लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े, रजककार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री खिलावन साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन यादव, जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े मंचस्थ रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि-हम भारतीय जनता पार्टी से क्यों जुड़े हैं क्योंकि हमारी पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी कैडर बेस पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी पंच परमेश्वर को महत्व देती है। साथ में बूथ पर 25 सदस्य टोली का गठन करती है। इसमें समस्त समाज को सम्मिलित किया जाता है।




बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाकर नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करना होगा। सासंद कमलेश जांगड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और विकसित भारत 2047 के सपने को पूर्ण करने में हम सभी को गिलहरी के रूप में कार्य करना होगा। हम सभी के सामूहिक प्रयास और सामूहिक इच्छा शक्ति से आने वाले दिनों में फिर से भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाएगी। पिछड़ा वर्ग मोर्चा को संगठन के द्वारा जो भी कार्य दिए गए हैं उसे वे शत प्रतिशत सफल बनाने का प्रयास की है।केंद्र एवं राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को आम जन मानस के बीच ले जाने के लिए सेतु की तरह कार्य की है। वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाये, उसका लाभ दिलायें। जनता की समस्याओं की निदान की सार्थक पहल करते हुये आमजन से जुड़ कर संगठन को सशक्त बनाये। संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को कर्मठता से पूरा करने की ज़िम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। स्वदेशी को अपनाने व आत्मनिर्भर भारत अभियान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी कार्यकर्ता अपना महती योगदान दें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मुझे पिछड़ा वर्ग मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। आने वाले दिनों में संगठन का विस्तार होगा और जो कार्यकर्ता लगातार संगठन के कार्यों में अपनी सक्रियता निभाते हैं उन्हें दायित्व भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 95 जाति ओबीसी वर्ग में आते हैं और प्रदेश में 52 प्रतिशत की आबादी ओबीसी से है जो सभी बूथ,गांव,नगर, में निवास करती है पिछड़ा वर्ग का साथ भारतीय जनता पार्टी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत से जुड़ता है। केंद्र एवं राज्य की जनहितकारी योजनाओं को आम जनमानस के बीच ले जाना है। केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण योजना कौशल विकास सहायताः राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी समुदायों के कौशल को बढ़ाने के लिए यह योजना है। इसका उद्देश्य उन्हें रोजगार पाने या आय सृजन गतिविधियां शुरू करने में सक्षम बनाना है। राष्ट्रीय फैलोशिपः यह योजना ओबीसी छात्रों के लिए है और उन्हें उच्च शिक्षा के दौरान वित्तीय सहायता प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा, आरक्षण और स्वरोजगार से संबंधित कई योजनाएं चलाती है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े ने एवं आभार पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, रजनी साहु ,मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, ध्वजाराम साहू, समर्थ सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास, प्रेमलता कौशिक, उमा सोनी सहित अनेक कार्यकर्ताओ उपस्थित रहे।



## गड्ढों में तब्दील हुई सड़क धूल के गुबार से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैंड चौक में सड़क गड्ढा में तब्दील हो गया है। सड़क में उड़ती धूल के गुबार से वाहन चालक को सामने दिखाई नहीं देता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

■ मरम्मत को लेकर विभाग नहीं दे रहा ध्यान, ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त

नगर के हृदय स्थल बस स्टैण्ड चौक में हर रोज बड़ी संख्या में वाहन का आवागमन होने से यहां बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। गड्ढा में पानी भरा होने के कारण गड्ढा को बचाने के फिराक में बसस्टैण्ड चौक में आये दिन दुर्घटना से वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी केवल ऑफिस में बैठकर काम निपटाने में व्यस्त रहते है। उन्हें फील्ड में जाकर देखने तक की फुर्सत नहीं रहती है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव का हाल ही में आगमन हुआ था। उपमुख्यमंत्री अरूण साव सड़क मार्ग से होते हुए पहुंचे तो इसके पहले लोकनिर्माण विभाग ने आनन फानन में बसस्टैण्ड के गड्ढा और सड़क मार्ग के गड्ढे को चूरा डस्ट बिछाया गया। कुछ दिन से वाहन चलने पर बसस्टैण्ड और सड़क मार्ग में उड़ती धूल के गुबार से लोग परेशान रहते हैं। भीमकाय वाहन गुजरते ही सड़क पर धूल का कोहरा छा जाता है, जिससे सामने कोई भी दिखाई नहीं देता। कभी भी बड़ी हादसा होने से साफ इंकार नहीं किया जा सकता। अगर बसस्टैण्ड और सड़क मार्ग के गड्ढे का जीर्णोद्धार नहीं किया गया तो कभी भी ग्रामीणों का गुस्सा फूट सकता है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन बस स्टैंड चौक में गड्ढा बन जाने से आने जाने वाले हजारों वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने डॉ लोकेंद्र कोच्चि के लिए रवाना



**जांजगीर-चांपा।** आरएसएसडीआई (भारतीय मधुमेह अध्ययन अनुसंधान सोसायटी) के राष्ट्रीय सम्मेलन, केरल के कोच्चि में है। डॉ लोकेंद्र कश्यप आरएसएसडीआई सोसायटी के सदस्य है। हर साल के भाती इस साल भी 6 नवंबर से 9 नवंबर तक होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। जहां दुनिया भर के 4000-5000 डॉक्टर शामिल होंगे। यह राष्ट्रीय सम्मेलन साल में एक बार होता है। देश के अलग अलग चुनिंदा शहरों में, इस सम्मेलन में विभिन्न बीमारी उनके नए दवाओं, नए रिसर्च पर चर्चा होता है।

### टेट की अनिवार्यता समाप्त करने जंतर मंतर दिल्ली में शिक्षक देंगे धरना

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र दुबे, प्रदेश संयोजक लैलूंन भारद्वाज, प्रदेश संयोजक विकास राजपूत, राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी बसंत चतुर्वेदी, विवेक शर्मा शामिल हुए, बैठक में शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग तथा पुरानी पेंशन बहाली राज्य के कार्मिकों का पीएफआरडीए में जमा एन पी एस राशि को वापस करने की मांग को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में 4 जनवरी 2026 को धरना, प्रदर्शन एवं रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं एनसीटीई को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के नेतृत्व में देशभर के शिक्षक 4 जनवरी को जंतर मंतर दिल्ली में जुटेंगे तथा केंद्र सरकार से मांग रखेंगे कि जिस राज्य में टीईटी की अनिवार्यता जब से लागू की गई है उसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने का अध्यादेश पारित किया जावे।



## जांजगीर-चांपा की अंडर-14 क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने अपने दोनों लीग मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। पहले लीग मैच में जांजगीर-चांपा ने बिलासपुर ब्लू जैसी मजबूत टीम को 38 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 226 रन बनाए। बल्लेबाजी में मोहम्मद असद ने 81, अनुनय दुबे ने 78 और दीपेंद्र कुमार राय ने 47 रनों की शानदार पारियां खेलीं। जवाब में बिलासपुर ब्लू की टीम 189 रनों पर सिमट गई। गेंदबाजी में हिमांशु और मोहम्मद असद ने दो-दो विकेट, जबकि हर्षित सिंह बैंस और अमन उरांव ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। दूसरे लीग मुकाबले में जिले का सामना कवर्धा जिले से हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कवर्धा की टीम महज 79 रन पर ऑल आउट हो गई। गेंदबाजी में मोहम्मद असद ने 4, हर्षित सिंह बैंस ने 2, जबकि प्रज्वल और अमन उरांव ने एक-एक विकेट हासिल किया।

■ दोनों लीग मैचों में शानदार जीत, धमतरी से होगा अगला मुकाबला

लक्ष्य का पीछा करते हुए जांजगीर-चांपा की टीम ने 26 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। हर्षित सिंह बैंस ने 29 और दीपेंद्र राय ने 17 रन का योगदान दिया। टीम का सेमीफाइनल मुकाबला 8 नवंबर को धमतरी जिले से भिलाई सेक्टर-10 स्थित मैदान में खेला जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद्मेश शर्मा ने बताया कि अंडर-14 के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जिले में आयोजित समर कैंप और इंटर स्कूल अंडर-14 टूर्नामेंट का परिणाम है, जिसके माध्यम से नए और प्रतिभावान खिलाड़ियों को तराशा गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी निशुल्क समर कैंप और इंटर स्कूल टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे, ताकि दूरस्थ स्कूलों के खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें।

### लहू पसीना एक करौ जी माटी ल ममहाए बर

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राज्योत्सव रजत महोत्सव कार्यक्रम के तीसरे दिवस जिले के कवियों ने कविता की बरसात करते हुए कवि सम्मेलन की शुरूआत की । सर्व प्रथम सूरज श्रीवास ने कुछ यू कविता पढ़ा। साहित्य के रद्दा म संगी मै तो नीच्चट अढ़हा हव...साग म बड़ करूं करेला ओहु म मै कढ़हा हव। छत्तीसगढ़ी गीतों के सिद्धस्थ रचनाकार अनुभव तिवारी ने मेहनत कर खुशहाली लाने की बात इन पक्तियों की प्रस्तुति से खूब तालिया बटोरी। गीत करम के गाए बर ए भूंइया ल हरियाए बर लहू पसीना एक करौ जी भूंइया ल ममहाए बर। कवि सम्मेलन का रसमय संचालन कर रहे डॉ.बोधी राम साहू ने वर्तमान वाट्सअप के बढ़ते दौर को कुछ इस तरह से चिट्ठा खोला। वाह रे वाट्सअप तूने तो सब पर अपना जोर कर दिया। तेरे गुणगान करे हर युवक युवती तूने तो सबको मैच्योर कर दिया । कहा से तू आया तू तो चिट्ठी पत्रि को भी फेल कर दिया। फुर्सत में भी घर में बाते नहीं हर एक को पेशेंट कर दिया। वरिष्ठ रचनाकार अरुण तिवारी ने देश प्रेम की बात करते हुए अपनी कविता में कहा नैतिकता के बुझे दीप को आओ आज जलाए। भारत के कोने कोने में राष्ट्र भक्ति फैलाए। होरी लाल कहरा ने अपनी कविता कुछ इस तरह आजमाया। एक सेर चावल को इतना कोहराम। कैसे ले गेहूं का नाम हाय राम। इस पर बैरी बीमारी साग तरकारी। चूकती नहीं चुकाए बनिए की बीमारी। श्रोताओं की भीड़ ने कवियों की प्रस्तुति को मन से सराहा। इस दौरान जिले के अधिकारी कर्मचारी व रसिक श्रोतागण उपस्थित रहे ।




TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आदित्य नारायण धीवर उम्र 19 साल पिता संतोष कुमार धीवर निवासी धीवर पारा बनारी तहसील जांजगीर जिला : जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का मूल निवासी हैं, जिनके आधार कार्ड नंबर 7230 4260 5866 में आधित्य नारायण धीवर (Adhitya Narayan Dhiwar) एवं पिता का नाम Santhosh KumarDhiwar एवं पता-दीवार पारा लिखा हुआ हैं, जो कि गलत हैं, सही नाम आदित्य नारायण धीवर (Aditya Narayan Dhiwar) एवं पिता का नाम Santosh Kumar Dhiwar हैं, आधार कार्ड में सही नाम आदित्य नारायण धीवर (Aditya Narayan Dhiwar) एवं पिता का नाम Santosh Kumar Dhiwar एवं सही पता - धीवर पारा बनारी, सभी शासकीय व अर्ध्दशासकीय व सभी कागजातो में लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक 29/10/23 को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।

स्थान : जांजगीर दिनांक : 29.10.2025

**भवदीय**
**आदित्य नारायण धीवर**
**मोबाईल नं 8964030852**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

### ईश्तहार

क्र.375/ अ.वि.अ./ व्यपवर्तन / 2025
जांजगीर, दिनांक 28/10/25

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम तुस्मा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शारदा साहू पति धनवंत साहू निवासी खोखरी तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तुस्मा प.ह.नं. 07 तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 2040/1 रकबा 0.23 में से 0.06 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुननिर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 11/11/25 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**जांजगीर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा), जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

### ईश्तहार

क्र.381/ अ.वि.अ./व्यपवर्तन/ 2025
जांजगीर, दिनांक 28/10/25

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम भोगहापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार साहू पति नकुल राम साहू निवासी खुरसुला तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भोगहापारा प.ह.नं. 08 तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा स्थित भूमि ख.नं. 8/11 रकबा 157 वर्गमीटर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुननिर्धारण के लिए बी-1, खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 11/11/25 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**

**न्यायालय अति. तहसीलदार पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

### नोटिस सूचना पत्र

क्रमांक/Q/वाचक / तह./2025
पामगढ़, दिनांक 31/10/2025

प्रति,
1 घसनीन उर्फ सुईया पिता गंगाप्रसाद यादव पति धनीराम यादव ग्राम भिलौनी तहसील पामगढ़ 2 शैलेन्द्री पिता गंगाप्रसाद यादव ग्राम टेकारी तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर 3 गुरूवारी यादव पिता गंगा प्रसाद पति सोनाउराम यादव ग्राम झलमला तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

**विषय - उपस्थिति बाबत्।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पक्षकार आवेदक द्वारा अनावेदिकागण के संयुक्त नाम की भूमि ग्राम भिलौनी तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) स्थित ख.न. 1073/2 रकबा 0.32 ए. भूमि को विक्रय मुल्य 32000/- बत्तीस हजार रूपये देकर दिनांक 27/02/2009 को विधिवत पंजीयन करा कब्जा प्राप्त कर आज तक कृषि करते आ रहे है। आवेदक पढा लिखा नहीं होने के कारण नामांतरण की कार्यवाही से अनभिज्ञ रहा है। वाद भूमि को विक्रय अनावेदिका क्र. 01 के द्वारा किया गया है। आवेदक हल्का पटवारी के पास गया तो पता चला कि नामांतरण की कार्यवाही नहीं हो पाया है। आवेदक उक्त वाद भूमि को क्रय के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण किये जाने का आवेदन किया है।

उक्त संबंध मे इस न्यायालय में दिनांक 17/11/25 को सुनवाई नियत है। इस हेतु आपको सुचित किया जाता है कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 10:00 बजे उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूध कार्यवाही की जावेगी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**पामगढ जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

### राजस्व नोटिस/ईश्तहार

अ.प्र.क्र. 202412060300010/ब-121/2024-25
क्रमांक 454/अ.वि.अ./रीडर-1/2025
जांजगीर दिनांक 29/10/2025

पक्षकार श्वेता तिवारी **बनाम** रेखा श्रीवास
ग्राम-जांजगीर, तहसील-जांजगीर

प्रति,
1. रेखा श्रीवास उम्र 47 वर्ष पति रोहिणी कुमार श्रीवास निवासी-पुराना मदन पेट्रोल पंप के पीछे जांजगीर, तहसील-जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

अपीलार्थी श्वेता तिवारी पति गोपाल तिवारी, निवासी ग्राम मदन पेट्रोल पंप के पास जांजगीर, तहसील-जांजगीर, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार जांजगीर के रा.प्र.क्र. 202410060700038/ब-121/2023-24 पक्षकार रेखा श्रीवास बनाम श्वेता तिवारी में पारित आदेश दिनांक 25.10.2024 के विरूद्ध प्रथम अपील प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मामले की सुनवाई के लिए आपका नोटिस जारी किया गया किन्तु तामिल नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु नोटिस /ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में उपस्थित होना है तो इस मामले की सुनवाई दिनांक 19/11/2025 को जांजगीर में प्रातः 11:00 बजे से होगी। अतः आप अपना पक्ष पेश करने स्वतः/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/जवाब पेश कर सकते है। समयावधि बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 29.10. 2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर**



# अरबाज की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'थामा' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक- दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं।

## लाइफ Style

# खुशी

## श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल में काम कर रहीं



खुशी कपूर के 25वें बर्थडे के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि खुशी 'मॉम 2' की शूटिंग कर रही हैं। इस साल मार्च में बोनी कपूर ने खुलासा किया था कि वह खुशी कपूर को लेकर एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो 2017 की फिल्म 'मॉम'का सीक्वल हो सकता है। हालांकि, तब इसके नाम का अनाउंसमेंट नहीं हुआ था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मॉम'में दिवंगत श्रीदेवी ने लीड रोल निभाया था। हाल ही में अनाउंस हुआ कि इस फिल्म का नाम 'मॉम 2' रखा गया है। खुशी कपूर के बर्थडे के मौके पर 'मॉम 2' के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं। 'मॉम 2' की शूटिंग दिवाली के बाद, 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई. लगभग 10-11 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। खुशी कपूर एक खास रोल निभा रही हैं और उनके साथ करिश्मा तन्ना भी हैं।'मॉम'का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया था। हालांकि, सीक्वल का निर्देशन गिरीश कोहली कर रहे हैं। गिरीश पहले फिल्म के स्टोरी राइटर्स में से एक थे। उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग भी अकेले ही लिखे थे। बोनी को लगा कि गिरीश इस सीक्वल के साथ न्याय करेंगे क्योंकि वह इस फिल्म को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें, गिरीश कोहली ने इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई सोहम शाह अभिनीत 'क्रेजिक्स' को डायरेक्टर कर अपनी काबिलियत साबित की है। बोनी 'मॉम 2' की अनाउंसमेंट अपने जन्मदिन, 11 नवंबर को भव्य तरीके से करने की योजना बना रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# हॉरर मिनी सीरीज है इट वेलकम...

**लॉस एंजिल्स।** हैलोवीन 2025 में एक नई डरावनी सीरीज 'इट - वेलकम टू डेरी' आई है। यह सीरीज़ पेनिवाइज की कहानी की शुरुआत दिखाएगी। इटः वेलकम टू डेरी एक रोमांचक हॉरर मिनी-सीरीज है, जो स्टीफन किंग के प्रसिद्ध उपन्यास 'इट' पर आधारित है। डायरेक्टर एंडी मुशिएत्ती ने इसे बनाया, जो पहले 'इट' फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह सीरीज डेरी शहर के अंधेरे इतिहास को खोलती है, जहां पेनिवाइज नामक भयानक क्लाउन का आतंक फैलता है।



# बॉलीवुड से है जोहरान ममदानी का कनेक्शन

**लॉस एंजिल्स।** जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर बने हैं। ऐसा करने वाले वह सबसे कम उम्र के शख्स हैं। साथ ही पहले मुस्लिम हैं, जो न्यूयॉर्क के मेयर बने हैं। वह इंडियन अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे हैं। मीरा अपने बेटे की उपलब्धि से काफी खुश हैं। मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी, लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। फिल्ममेकर अपनी एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है।



# गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट

**मुंबई।** भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म 'गुस्ताख इश्क' से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'गुस्ताख इश्क' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। पोस्ट में लिखा है 'अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है।



# वेलकम टू द जंगल में अक्षय-दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर 'वेलकम 3' का एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें दिशा पाटनी उनके साथ दिख रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' की इस झलक के साथ अक्षय ने लिखा, 'हमारे दिल से आपके दिल तक। 18 साल बाद भी यह फिल्म खास है। पुरानी यादों के साथ, मैं और दिशा आपके लिए लाए हैं 'वेलकम टू द जंगल'। हमारी क्वीन कटरीना को कभी नहीं भूलेंगे।' वीडियो के आखिर में अक्षय कहते हैं, 'कटरीना, हमें तुम्हारी याद आ रही है।' अक्षय के अलावा फैंस भी कटरीना को इस फिल्म में मिस कर रहे हैं और कुछ फैंस दिशा को पसंद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग नवंबर से फिर से शुरू होगी और यह फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## टीवी मसाला




# लाफ्टर शेफ्स 3: कृष्णा ने ईशा से खुद को बचाने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3', 22 नवंबर से कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा। हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे इसे आप देख सकेंगे, जिसमें अली गोनी, जन्नत जुबेर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल, एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, करण कुंद्रा, विवियन डीसेना, तेजस्वी प्रकाश, देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी दिखाई देंगे। लेटेस्ट प्रोमो में शेफ हरपाल फ्रेंच प्रेस के बारे में पूछते हैं तो ईशा कहती हैं कि वह जिस औजार का नाम ले रहे हैं, वो यहां है ही नहीं। फिर कृष्णा उन्हें 'ज और ज़' में अंतर सिखाते हैं और अंत में हार मान लेते हैं। कहते हैं, 'मैं आइंदा से आपसे कुछ नहीं बोलूंगा।' ईशा फिर कृष्णा से कहती हैं कि वह उनसे ऐसे क्यों बात कर रहे हैं, उन्होंने उनको प्याज दिए थे। तो कृष्णा कहते हैं, 'मेरे को कोई तो बचाओ।' इसके बाद अभिषेक आते हैं और एक्ट्रेस के मुंह पर टेप लगा देते हैं और कहते हैं, 'चुप।' और वह खड़ी रहती हैं। कुछ रिएक्ट नहीं करतीं। मुस्कुराती रह जाती हैं। हालांकि लोगों को ईशा की कॉमेडी पसंद नहीं आई। लोगों ने ओवरएक्टिंग कहा। और शो में नए एक्टर्स को जोड़ने पर सवाल खड़े किए कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया। एक्टर अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय का ब्रेकअप हुए अरसा बीत गया है। दोनों को 'बिग बॉस 17' में साथ देखा गया था। जहां इनके बीच चीजें काफी खराब हो गई थीं।

## गौरव मलते रहे हाथ, अमल बने दोबारा कैप्टन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस तक' के मुताबिक, घर में कैप्टेंसी टास्क हुआ। जिसमें म्यूजिकल चेयर के दौरान घरवालों को स्क्वेयर ब्लॉक पर चलना था। नियम ये था कि जैसे ही म्यूजिक बंद होगा, उस दौरान अगर एक ही ब्लॉक पर दो कंटेस्टेंट होंगे तो वह दोनों ही इस रेस से आउट हो जाएंगे। अब जब टास्क हुआ तो पांच राउंड में इसे पूरा किया गया। पहले राउंड में शहबाज और तान्या मित्तल आउट हुए तो बिग बॉस ने शहनाज गिल के भाई को टास्क का संचालक बना दिया। इसके बाद दूसरे राउंड में फरहाना और मृदुल एक ही ब्लॉक पर रहे तो वो टास्क से बाहर हो गए। इस दौरान दोनों में बड़ा झगड़ा भी हुआ। दोनों अपना-अपना



प्वॉइंट प्रूफ करते हैं। फिर तीसरे राउंड में अभिषेक बजाज और नीलम के साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्हें भी कैप्टेंसी टास्क से हाथ धोना पड़ा। चौथे राउंड में गौरव खन्ना और मालती आउट हुए और पांचवें राउंड में कुनिका सदानंद और अशनूर कौर बाहर हो गए। कुल मिलाकर जिसने ये टास्क जीता, वह रहे अमल मलिक। वह अब इस घर के नए कैप्टन बन गए हैं और सीजन के इकलौते सदस्य हैं, जो दोबारा इम्यून हुए हैं।


# राजा शिवाजी में सलमान बनेंगे वीर योद्धा जीवा महाला, संजय से होगा भीषण युद्ध

**मुंबई।** सलमान खान के सुपरफैंस जहां उनकी बॉलीवुड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के लिए बेताब हैं, वहीं, भाईजान के मराठी दीवानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बन रही ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान खान नजर आने वाले हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंदर सहयोगी, बेहद साहसी और वफादार, जीवा महाला का किरदार निभाने वाले हैं। यही नहीं, यह फिल्म फैंस के डबल धमाका होगी, क्योंकि इसमें सलमान के साथ संजय दत्त भी होंगे, जो अफजल खान का रोल प्ले करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इसी शुक्रवार 7 नवंबर को 'राजा शिवाजी' में अपने हिस्से की शूटिंग करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे ग्रैंड विजुअल एक्सपीरियंस में से एक होने वाला है। यही नहीं, कहानी के लिहाज से भी यह भूमिका बेहद अहम और निर्णायक होगी। बहादुर और वीर, जीवा महाला ने अफजल खान के भरोसेमंद



लेफ्टिनेंट सैयद बंदा के भीषण हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज को बचाने का काम किया था। रितेश देशमुख की फिल्म में यह निस्वार्थ भाव और साहस का एक प्रमुख आकर्षण होगा। फिल्म में रितेश देशमुख लीड रोल में हैं और वह पर्दे पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। सलमान खान के जीवा महाला और संजय दत्त के अफजल खान की भूमिका को कुछ इस तरह फिल्माया जा रहा है कि दर्शकों को भव्यता, भावनाओं का भरपूर डोज मिले। जीवा महाला और अफजल खान के बीच का यह टकराव, वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी।

# 120 बहादुर का गाना 'याद आते हैं' हुआ रिलीज




मुंबई। फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर'को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का पहला गाना 'दादा किशन की जय' रिलीज हुआ था। वहीं, बुधवार को फिल्म का एक और गाना 'याद आते हैं' रिलीज हुआ है। इस गाने में जवानों और उनके घरवालों की इमोशनल कहानी साफ नजर आ रही है। फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का नया गाना 'याद आते हैं।..' रिलीज हो चुका है। इस गाने को फरहान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'निकले थे जब हम घर से, अपने गांव से, नगर से, प्यार जो बरसे, याद आते हैं।' इस फिल्म का निर्देशन रजनीश 'राजी' घई ने किया है। इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह एक युद्ध फिल्म है। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह और राशि खन्ना शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका में हैं। फिल्म रेजांग ला की लड़ाई को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। यह युद्ध 18 नवंबर 1962 को लड़ा गया था, जब चार्ली कंपनी के 120 सैनिक, 13 कुमाऊं रेजिमेंट पूरी तरह सेसे बनी थी। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भारत की बेटियों ने आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब किया अपने नाम

# महिला क्रिकेट पर बेस्ड ये 5 फिल्में ओटीटी पर हैं मौजूद

***नई दिल्ली।*** *आईसीसी महिला विश्व कप में भारत की बेटियों ने कमाल कर दिया। विश्व कप का खिताब अपने नाम कर उन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया है। ऐसे में आज हम आपको 5 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महिला क्रिकेट पर बेस्ड है और इन सभी फिल्मों को आप घर बैठे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*




**घूमर (2023) :** यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे आर बाल्की द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। इसमें शबाना आजमी, अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और अंगद बेदी हैं। यह 18 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, 69वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में फिल्म को तीन नामांकन मिले, जिसमें बच्चन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और शबाना आजमी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री शामिल थे. इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।

**दिल बोले हड़िप्पा! (2009) :** यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है और यशराज फिल्म्स के बैनरतले आदित्य चोपड़ा ने इसका निर्माण किया है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी और शाहिद कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही अनुपम खेर, दलीप ताहिल, राखी सावंत और शर्लिन चोपड़ा ने भी सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। यह कहानी एक लड़की के बारे में है, जो एक पुरुष के रूप में खुद को कंवर्ट करती है ताकि वह पुरुष क्रिकेट टीम में शामिल हो सके।




**शाबाश मिठू (2022) :** यह एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने और निर्माण वायकॉम18 स्टूडियो ने किया है। यह फिल्म भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान मिताली राज के जीवन पर आधारित है, जिसमें तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**काना (2018) :** यह तमिल भाषा की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें सत्यराज, ऐश्वर्या राजेश और दर्शन मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि शिवकार्तिकेयन एक विस्तारित कैमियो भूमिका में दिखाई देते हैं। फिल्म का लेखन और निर्देशन अरुणराज कामराज ने किया है, जो उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।






**मिस्टर एंड मिसेज माही (2024) :** यह एक रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन शरण शर्मा ने और निर्माण जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। इसमें राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म क्रिकेट पर केंद्रित है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने दिलाई शपथ



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकास खण्ड अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के प्रधान पाठक संतोष तिवारी, शिक्षक नरेन्द्र राठौर की उपस्थिति सुबह प्रार्थना के पश्चात बच्चों को राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रतिज्ञा की गई। शिक्षक नरेन्द्र राठौर के द्वारा बच्चों का जानकारी दी गई की सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में वर्ष 1947 के बाद 560 रियासतों को एकीकृत कर भारत में शामिल करने का कार्य किया भारत के राजनीतिक एकीकरण के शिल्पकार एवं राष्ट्रीय एकता, शांति और विविधता में एकता के आदर्शों का प्रतिक जिनका हमारे देश नवनिर्माण में अभूर्तपूर्व योगदान है। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से उनके अमूल्य योगदान एवं विरासत का उत्सव मनाकर जिससे राष्ट्रीय एकता और एकजुटता की भावना को पुनः सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया। उक्त आयोजन में शाला के बच्चों सहित शत्रुहन, राजकुमार और समस्त शाला परिवार के लोगों की उपस्थिति रही।

## राज्य स्तरीय फुटबाल टीम में परमेश्वरी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बनाया स्थान

**सक्ती।** सक्ती के परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती में





अध्ययनरत छात्रा मनीषा धिरहे पिता लच्छीराम धिरहे एवं सोनम देवांगन पिता मुन्ना लाल देवांगन ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाने में कामयाब रही। विद्यालय की दोनों छात्रा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता बालोद में 8 नवंबर से 11 नवंबर तक होने वाले प्रतियोगिता में राज्य की प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों छात्रा मेहनत, लगन और अनुशासन से प्राप्त उपलब्धि से आज पूरे प्रदेश में सक्ती का नाम रोशन कर रहें हैं। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि के लिए गर्व का क्षण बताया। विद्यालय प्राचार्य एम विकास देवांगन ने कहा कि मनीषा धिरहे एवं सोनम देवांगन ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया हैं। खेल जैसे क्षेत्र में अनुशासन और सतत अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। मनीषा धिरहे एवं सोनम देवांगन की सफलता पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में जिले एवं राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करने की आशीष दी गई। विद्यालय, क्षेत्र एवं परिवार में खुशी का माहौल हैं ।

## शिक्षाविद डॉ. इंदू ने बढ़ाया देश का मान, संयुक्त राष्ट्र संघ में उठाई बच्चों के शीघ्र न्याय की आवाज

**चांपा।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष तथा सिंधी कॉलोनी स्थित पूज्य सिंधी



पंचायत के अध्यक्ष सुनील साधवानी की धर्मपत्नी एवं शासकीय टी.सी.एल. महाविद्यालय जांजगीर में मनोविज्ञान की अतिथि व्याख्याता डॉ. इंदू साधवानी को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय जिनेवा द्वारा आमंत्रित ड्राफ्ट जनरल कमेंट नं. 27- बाल अधिकार और न्याय श्रेणी के अंतर्गत उनके लेख को शामिल किया गया है। डॉ. साधवानी का प्रस्तुतिकरण कानून से संघर्षरत बच्चों को शीघ्र न्याय सुनिश्चित करने के लिए विषय पर आधारित रहा। लेख में उन्होंने विश्व स्तर पर बच्चों के लिए त्वरित, सुलभ और मानवीय न्याय सुनिश्चित करने हेतु व्यवहारिक और नीतिगत उपाय सुझाए है। दिल्ली के बाल अधिकार अधिवक्ता अनंत कुमार अस्थाना ने संयुक्त राष्ट्र में डॉ. साधवानी के लेख को शामिल किये जाने पर उन्हें बधाई दी है।

### पढ़ाई की गुणवत्ता को परखने के लिए विद्यार्थियों से पूछे सवाल

# जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने गुरुवार 6 नवंबर को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास, भोजनालय, कक्षाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई, भोजन व्यवस्था तथा विद्यालय में मिलने वाली आधारभूत सुविधाओं के संबंध में बातचीत करते हुवे जानकारी ली। कलेक्टर ने अध्ययनरत बच्चों से उनके पढ़ाई की गुणवत्ता को परखने के लिए विद्यार्थियों से कुछ सवाल भी किए। जिस पर बच्चों द्वारा प्रश्नों का बेहतर ढंग से जवाब दिया गया। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रशासन को पढ़ाई की गुणवत्ता को निरंतर बढ़ाने, परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता से बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण माहौल आवश्यक है। उन्होंने अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद बढ़ाने तथा नवाचार आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती अरूण सोम, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रशासनिक स्टाफ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।





निरीक्षण करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं अन्य अधिकारी।

## वंदे मातरम 150वीं वर्षगांठ पर जिले में होगा भव्य आयोजन

**सक्ती।** वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे जिले में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का चार चरणों में भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। 7 नवम्बर को प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में यह प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पश्चात सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयो, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि यह आयोजन चार चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर (समापन सप्ताह) तक निर्धारित है। इस अवसर पर जिले में वंदे मातरम के विभिन्न रूपों पर आधारित संगीत समारोह, लघु फिल्म प्रदर्शन, स्मारक डाक टिकट और सिक्का विमोचन की फिल्म, कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली एवं प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु समुचित तैयारी करने निर्देश दिए हैं।

# पहले गुरुवार पर हुई मां लक्ष्मी की आराधना

## पारंपरिक पकवानों का लगा भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अगहन के पहले गुरुवार पर 6 नवंबर को मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा की तैयारी महिलाओं द्वारा बुधवार शाम से ही कर ली गई थी। उन्होंने इसके लिये गीले चावल की पिसाई कर रेहान तैयार किया गया। साथ ही घर के मुख्य द्वार पर रंगोली भी बनाई गई।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि अगहन महीने के गुरुवार को सुबह-सवेरे मां लक्ष्मी सभी के घरों का निरीक्षण करती है और साफ-सफाई देखकर घर में प्रवेश करती है। घरों में लक्ष्मी जी की स्वागत की तैयारी बुधवार शाम से ही महिलाओं ने पोछा लगाकर व गोबर से लिाकर पूरे घर को पवित्र कर लिया था। चावल के घोल से घर मुख्य द्वार से चौक पुर कर सभी कमरों और पूजा कमरे व भण्डार कक्ष तक संकल वाली चौक बनाई गयी थी। घर के प्रत्येक चौखट पर लक्ष्मी जी के गांव का प्रतीक पद चिन्ह उसी रेहान से उकेरा गया। उन पद चिन्हों की दिशा घर प्रवेश की तरफ थी। आज सूर्योदय से पूर्व ब्रम्ह मूहूर्त में ही उठकर महिलाओं ने आंवले व हल्दी का उबटन लगाकर जल से स्नान किया। ततश्चात पूरे घर के चौक की पूजा करके लक्ष्मी जी का विधि-विधान से पूजा की गई। द्वार को दीप और फूलों से सजाया गया। आरती पश्चात लक्ष्मी पुराण का गठन भी श्रद्धालुओं ने किया। ततश्चात आज लक्ष्मी माता को दही बबरा का बाल भोग लगाया गया। वहीं दूसरे गुरूवार को पुरनपुरी का भोग लगाया जाएगा। तीसरे गुरूवार को तिल गुजिया तथा चौथे गुरूवार को खीर पुड़ी व माड़ा पीठा का प्रसाद लगाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विशेष रुप से मां लक्ष्मी माता की पूजन अगहन गुरुवार मनाया जाता है। गुरुवार 6 नवम्बर से प्रारंभ अगहन गुरुवार अगले माह गुरुवार 4 दिसम्बर तक चलेगा। मां जगतजननी लक्ष्मी माता की पूजन से घर में लक्ष्मी का वास होता है।



विधि-विधान से हुई पूजा।

## शासकीय राशन दुकान बघौदा में अनियमितता का आरोप, निरीक्षण में गड़बड़ी उजागर

**देवरी – सारागांव।** सेवा सहकारी समिति कड़ारी के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के उपकेंद्र बघौदा में निरीक्षण के दौरान चावल, शक्कर और नमक के वितरण में भारी अनियमितताएं पाई गईं। जांच में लगभग 400 बोरी (बरदाना) की कमी का खुलासा भी हुआ है। राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संस्था प्रभारी दिलीप कुमार बरेठ एवं समिति अध्यक्ष हीरासाय साहू ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री में भारी कमी पाई गई। इस पर ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया और 27 अक्टूबर को संबंधित प्रकरण की जानकारी बम्हनीडीह ब्लॉक खाद्य अधिकारी को दी गई। साथ ही 29 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चांपा को भी लिखित शिकायत सौंपी गई, जिसमें दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में उल्लेख है कि बघौदा उपकेंद्र का संचालन धनीराम समीर के अधीन था, जिन्होंने इसकी जिम्मेदारी अन्य व्यक्ति को सौंप रखी थी। इस अनियमित व्यवस्था के चलते शासकीय खाद्य सामग्री में हेराफेरी की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों एवं शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और ऐसे व्यक्तियों को सेवा से बर्खास्त करने की मांग की है। इस संबंध में बम्हनीडीह के खाद्य अधिकारी सुनील कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि शिकायत मिली है। जांच के बाद ही बता पाएंगे कि कितना गड़बड़ी हुई है।



## लायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में किया चादर व फल वितरण


हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा अपनी सामान्य सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार पिछले दिनों गुरूवार को तपसीधाम केराझरिया लछनपुर स्थित वृद्धाश्रम में सेवा गतिविधि

- **वृद्धजनों को कराया भोजन, गौशाला में की गौ सेवा**

आयोजित कर यहां निवासरत वृद्धजन को चादर एवं फल का वितरण करने के साथ-साथ उन्हें सुस्वादु भोजन कराया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर अनेक सेवा गतिविधि संचालित कर जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की जाती है। इसके तहत आज वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजन को चादर एवं फल का वितरण करने के साथ ही भोजन कराया जा रहा है। यहां सेवा गतिविधि संचालित करने के पश्चात सभी लायन सदस्य ग्राम नवागांव चांदीपहाड़ स्थित गौशाला पहुंचे जहां गोपाष्टमी के अवसर पर गौशाला की गायों की सेवा की। गायों को लायन सदस्यों ने गुड़ तथा फल खिलाये। साथ ही उन्होंने गौशाला संचालक का भी सम्मान किया। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन, एम.जे.एफ. लायन डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन लायन बैजनाथ देवांगन तथा लायन नेहरू देवांगन का विशेष योगदान रहा।



वृद्धाश्रम में वृद्धजन को फल वितरित करते लायन सदस्यगण।

## कुरियारी में अखंड रामनाम सप्ताह यज्ञ आज से

**गोधना।** ग्राम कुरियारी भाठापारा में अखंड श्री रामनाम सप्ताह यज्ञ का भव्य आयोजन 7 नवंबर से किया जाएग। यह यज्ञ किर्तन मंडली भाठापारा कुरियारी हिन्दू समाज के तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवंबर शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में ग्रामवासी महिलाएं एवं श्रद्धालु भक्तजन उत्साहपूर्वक शामिल होंगे। समापन एवं पूर्णाहुति 15 नवंबर शनिवार को भंडारा एवं सहभोज के साथ संपन्न होगी। प्रवचन व भजन 8 से 14 नवंबर तक होगा। इस दौरान मानस मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। पहला पुरस्कार 10001 रुपए, दूसरा 9001 रुपए, तीसरा 8001 रुपए, चौथा 7001 रुपए, पांचवां 6001 रुपए, छठवां 5001 रुपए, सातवां 4001 रुपए, आठवां 3501, नौवां 3001 तथा दसवां 2501 दिया जाएगा।

## 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा


हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद में होने वाले गायत्री परिवार द्वारा आयोजित होने वाले 251 कुंडीय दो गायत्री महायज्ञ की तैयारियों का सक्ती कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक,जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार के साथ

- **जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आयोजन समिति के साथ बैठक की**

सभी जिलाधिकारियों ने निरीक्षण किया। यह धार्मिक आयोजन 9 दिसंबर से 12 दिसंबर को होगा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने आयोजन समिति के साथ बैठक की। नया बन रहा कार्यक्रम मंच का निरीक्षण किया उन्होंने सुरक्षा, यातायात और आपातकालीन सेवाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। जिलाधिकारी ने आयोजन समिति को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।उन्होंने पेयजल,चिकित्सा बिजली और स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सक्ती कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम ,तहसीलदार एवं पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा के साथ गायत्री परिवार के सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।





निरीक्षण करते अधिकारी।

## राज्योत्सव में श्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए छात्र-छात्राओं को मंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा की छात्राओं ने जांजगीर में आयोजित राज्योत्सव रजत जयंती वर्ष 2025 में सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कर्मा एवं पंथी लोकनृत्य की प्रस्तुति दे कर सहभागिता निभाई।

राज्योत्सव समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री टंकराम वर्मा ( राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री) द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। शाला के वरिष्ठ शिक्षक आर के पांडेय एवं सांस्कृतिक पाठ्येतर गतिविधि प्रभारी श्रीमती वर्षा यादव एवं सहयोगी नाजिया खान के मार्गदर्शन में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में छात्रा स्वाति निर्मलकर, सोनाली टंडन, सिमरन बर्मन हेमा श्रीवास ,राजरानी, शालिनी , खुशी पटेल, गायत्री नेताम ,रूपाली नेताम ,नीलम, अनीशा जांगड़े ,राधिका टंडन, खुशबू, सृष्टि केवट ,श्रद्धा तिवारी ,श्रद्धा सिंह, निशा यादव, अदिति रात्रे ने मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, ट्रस्ट के समस्त सदस्यों तथा शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा व समस्त स्टाफ ने छात्राओं को जिला स्तर पर बेहतरीन लोक नृत्य की प्रस्तुति हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।



# बिहान के पशु और कृषि सखियों ने किया केवीके का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण क्षेत्र में जैविक खेती तथा पशुधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर काम कर रहीं बहेराडीह के बिहान की पशु सखी पुष्पा यादव, जाटा के क्रृषि सखी शशि कर्ष समेत

- **वैज्ञानिकों ने ड्रीप व प्लास्टिक मलचिंग के माध्यम से सब्जी खेती की तकनीक को कराया अवगत**

अन्य गांवों के क्रृषि व पशु सखी दीदियों ने जिला मुख्यालय स्थित क्रृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया।

इस दरमियान वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने हाइटेक पोली हॉउस में ड्रीप व प्लास्टिक मलचिंग के माध्यम से सब्जी खेती की तकनीक का भ्रमण कराया। इसके साथ ही मछली पालन सह बतख पालन तालाब के पार में फलदार पौधों की खेती, ग्रीन हॉउस, बायोफ्लॉक पद्धति से मछली बच्चा तैयार करने, दलहनी फ़सल अरहर, डेयरी, सुगन्धित धान की उन्नत खेती,गेंदा वाटिका, मशरूम शेड, पशुपालन शेड, मौसम वेधशाला आदि का भ्रमण किया। इस अवसर पर ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में खाद्य प्रसंस्करण को लेकर क्रृषि व पशुपालन के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में काम कर रहीं स्थानीय व सक्ति जिले के क्रृषि सखी तथा पशु सखी दीदियों को विभिन्न प्रकार के क्रृषि यंत्रो का भी संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन में फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, उत्तम राठौर व अन्य स्टॉप के सहयोग से अवलोकन कराया गया। इस मौके पर कृषि व पशुपालन के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव समेत सक्ति जिले डभरा ब्लॉक के तुलसी पटेल हरदी,मालखरौदा ब्लॉक के फगुरम से मंजू वर्मा, डायमंड गवेल बंजारी, पूजा वारे कर्रापाली, सेवन्तिका यादव, परमेश्वरी सतनामी भठोरा,संतोषी सिदार अमेराडीह, सावित्री बाई मनहर सतगढ़, नीलूरानी सिदार, विमला चौहान कुधरी,मनीषा सारथी, सुनीता सारथी सिलौनी, उत्तराबाई साहू, पुष्पा सिदार मोंहदीखुर्द,देवकुमारी रौतिया सेरो, हीरा चटर्जी पिहरीद, सुक्रिता सिदार कुलबा, जैजैपुर ब्लॉक के गंगोत्री चंद्रा ओड़ेकेरा, नवागढ़ ब्लॉक के उत्तराबाई कश्यप नवापारा कनई, तेरस बाई महंत कनई, धनबाई राजन, उषा साहू धुरकोट, अकलतरा ब्लॉक के रमा साहू, शीतला देवी अमोरा,अनिता बाई जांगड़े धनपुर चंगोरी,ललिता देवी कश्यप, वंदना देवी वैष्णव पकरिया सहित गांवों के कृषि सखी व पशु सखी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



भ्रमण पर केवीके पहुंची बिहान की कृषि व पशु सखी।

